भा.वा.अ.शि.प.-व.व.अ.सं., जोरहाट में 'हिन्दी टिप्पण और उसके प्रारूपण' विषय पर एक दिवसीय हिन्दी कार्यशाला का आयोजन

भा.वा.अ.शि.प.- वर्षा वन अनुसंधान संस्थान, जोरहाट में दिनांक 29सितम्बर, 2023 को 'हिन्दी टिप्पण और उसका प्रारूपण' विषय पर एक दिवसीय हिन्दी कार्यशाला का आयोजन संस्थान के निदेशक महोदय डॉ. नितिन कुलकर्णी की अध्यक्षता में किया गया।निदेशक महोदय ने हिन्दी कार्यशाला की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि टिप्पण सरकारी कार्यालय का आधार स्तम्भ है। साथ ही अपने संबोधन से अधिकारियों एवं कर्मचारियों को फ़ाइल प्रबंधन तथा हिन्दी टिप्पण सीखने के लिए प्रेरित किया।कार्यशाला में संस्थान के विभिन्न प्रभागों एवं अनुभागों से 35 से भी अधिक अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भाग लिया।सर्वप्रथम, संस्थान के हिन्दी प्रकोष्ठ के केंद्रक अधिकारी डॉ. विश्वनाथ शर्मा ने कार्यशाला में उपस्थित सभी कर्मचारियों का स्वागत किया एवंकार्यक्रम का संक्षिप्त विवरण प्रस्तुत किया। कार्यशाला में मुख्य वक्ता के रूप में संस्थान के कनिष्ठ अनुवाद अधिकारी श्री शंकर शॉ को आमंत्रित किया गया। श्री शंकर शॉ ने 'फाइल प्रबंधन, हिन्दी टिप्पण, फाइल में टिप्पण का महत्व, टिप्पण के प्रकार, विभिन्न प्रकार के टिप्पण और उसके उदाहरण आदि पर विस्तार से प्रस्तुतिकरण दिया तथा उपस्थित सभी कार्मिकों को हिन्दी टिप्पण का अभ्यास करवाया।

अंत में, सभी प्रतिभागियों के बीच हिन्दी टिप्पण पर एक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले कार्मिकों को अगले कार्यशाला में पुरस्कृत किया जाएगा।कार्यक्रम के समापन सत्र में, डॉ. विश्वनाथ शर्मा, नोडल (हिन्दी) अधिकारी ने कार्यक्रम के अध्यक्ष महोदय, मुख्य वक्ता एवं सभी प्रतिभागियों का धन्यवाद ज्ञापन किया।

हिन्दी कार्यशाला कार्यक्रम की कुछ झलकियाँ...

ववअसं
RFRI
जोरहाट JORHAT

ववअसं
RFRI
जोरहाट JORHAT

JORHAT
Director, RFRI

भा.वा.अ.शि.प.-व.व.अ.सं., जोरहाट में 'हिन्दी टिप्पण और उसके प्रारूपण' विषय पर एक दिवसीय हिन्दी कार्यशाला का आयोजन

भा.वा.अ.शि.प.-व.व.अ.सं., जोरहाट में ‘हिन्दी टिप्पण और उसके प्रारूपण’ विषय पर एक दिवसीय हिन्दी कार्यशाला का आयोजन

2023